**Series Z1YXW/C**

**SET ~ 1**

**प्रश्न-पत्र कोड 4/C/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

*

# हिन्दी (ब)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** ।*

*(iii) **खण्ड अ** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक उपप्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 उपप्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv) **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खण्ड अ
## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

प्रेमचंद जी ने अपने उपन्यासों में कुछ तो दहेज और आभूषण-प्रेम जैसी प्रचलित कुप्रथाओं और हानिकारक प्रवृत्तियों पर प्रहार किया है, कुछ विधवा-विवाह जैसी सामाजिक समस्याओं का समाधान ढूँढ निकाला है, कुछ शिक्षा सांप्रदायिकता और नैतिकता जैसे ज्वलंत प्रश्नों पर विचार किया है, किन्तु सबसे अधिक उन्होंने अपने युग की राजनीतिक हलचल को प्रतिबिंबित किया है । हिन्दी में प्रेमचंद के ग्यारह उपन्यास हैं, जिनमें सेवा-सदन, रंगभूमि, कायाकल्प, गबन, कर्मभूमि और गोदान विशेष प्रसिद्ध हैं । इसमें 'गोदान' उनकी श्रेष्ठतम कृति है । यह उनकी कीर्ति का अमर स्मारक है । इस उपन्यास का प्रमुख पात्र है 'होरी' । 'होरी' भारतीय किसान का प्रतिनिधि है । ग्राम्य जीवन को चित्रित करने में प्रेमचंद कितने सिद्धहस्त थे, यह गोदान से सहज ही स्पष्ट हो जाता है । वस्तुतः प्रेमचंद की दृष्टि में देश का हित किसानों के हित पर निर्भर था । उपन्यासों के अतिरिक्त प्रेमचंद की लगभग ढाई सौ से भी अधिक कहानियाँ प्रकाशित हुई हैं । हिन्दी में उनकी पहली कहानी "सौत" सन् 1915 में 'सरस्वती' में प्रकाशित हुई थी । उनकी अधिकांश कहानियाँ 'मानसरोवर' के आठ भागों में संगृहीत हैं । प्रेमचंद की भाषा बड़ी सरल और मुहावरेदार है । आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने ग्रामीण भाषा के शब्दों का प्रयोग भी किया ।

इस महान साहित्यकार का जन्म वाराणसी से चार सौ मील दूर लमही ग्राम में शनिवार 31 जुलाई, सन् 1880 ई. को हुआ था । इनके पिता का नाम मुंशी अजायब लाल और माता का नाम आनंदी देवी था । इनके बचपन का नाम धनपत राय था । उनकी प्रारंभिक शिक्षा उर्दू में हुई थी और इसी भाषा में इन्होंने लिखना प्रारम्भ किया था ।

(i) प्रेमचंद की कीर्ति और अमर स्मारक का प्रतीक है :

(a) मानसरोवर की कहानियाँ

(b) सामाजिक कुरीतियों का विरोध करना

(c) दहेज प्रथा का विरोध करना

(d) गोदान की रचना

(ii) अपने सर्वप्रिय उपन्यास 'गोदान' में प्रेमचंद ने मुख्य पात्र होरी को किसान के रूप में क्यों प्रस्तुत किया है ?

(a) प्रेमचंद ग्रामीण समस्याओं से परिचित थे ।

(b) उनके अनुसार देश का हित किसान के हित पर निर्भर करता है ।

(c) प्रेमचंद ग्राम्य जीवन के विषय में लिखते थे ।

(d) प्रेमचंद संवेदनशील व्यक्ति थे ।

(iii) प्रेमचंद की प्रारंभिक रचनाएँ उर्दू भाषा में ही क्यों हैं ?

(a) उनके पिता उर्दू में लिखते थे ।

(b) प्रेमचंद की प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू में हुई थी ।

(c) प्रेमचंद को हिन्दी नहीं आती थी ।

(d) उर्दू जनसाधारण की भाषा थी ।

(iv) प्रेमचंद ने अपने उपन्यासों में किस कुप्रथा पर प्रहार किया ?

(a) दहेज प्रथा

(b) विधवा-विवाह

(c) सांप्रदायिकता

(d) नैतिकता

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन (A) :* प्रेमचंद के उपन्यासों में राजनीतिक हलचल को मुखर रूप से चित्रित किया गया है ।

*कारण (R) :* तत्कालीन समाज सांप्रदायिकता और अशिक्षा जैसी समस्याओं से जूझ रहा था ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(b) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

एक समय की बात है । गुरु गोबिंद सिंह के दर्शन के लिए उनका एक वैद्य शिष्य आनंदपुर साहिब गया हुआ था । वैद्य जब लौटने लगे तो गुरु जी ने कहा, "जाओ और ज़रूरतमंद लोगों की सेवा करो ।" गाँव लौटने के बाद वह रोगियों की सेवा में जुट गया । वैद्य ने अब रोगियों की सेवा को अपना धर्म मान लिया । तन-मन से रोगियों की सेवा में लग गए । वैद्य की सेवा की चर्चा पूरे शहर में फैल गई । एक बार गुरु गोबिंद सिंह स्वयं उनके घर आए । वैद्य की खुशी का ठिकाना न रहा । लेकिन गुरु जी ने कहा कि उन्हें आगे जाना है । अतः वह कुछ देर ही ठहरेंगे । गुरुजी वैद्य का हाल-चाल पूछ रहे थे कि इतने में एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला, "वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबीयत बहुत खराब है । जल्दी चलिए नहीं तो बहुत देर हो जाएगी ।" वैद्य असमंजस में पड़ गए । पहली बार गुरुजी उनके घर आए हैं, उन्हें छोड़कर कैसे जाएँ ? दूसरी तरफ रोगी की हालत बहुत खराब है । वैद्य ने तुरंत निर्णय लिया और कर्म को प्रधानता दी । गुरु के चरण स्पर्श कर वह तुरन्त इलाज के लिए निकल पड़े ।

लगभग दो-ढाई घंटे की देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ । रोगी के यहाँ से वैद्य निकले और तेज़ी से घर की तरफ चल दिए । वैद्य ने सोचा कि गुरु जी के पास समय नहीं था, अब तक तो वह चले गए होंगे । फिर भी भागते-भागते अपने घर पहुँचे । वहाँ पहुँचकर उन्होंने जो कुछ देखा, उससे हैरान रह गए । गुरु जी गए नहीं थे, उनकी प्रतीक्षा में बैठे हुए थे । वैद्य उनके चरणों पर गिर पड़े । गुरु गोबिंद सिंह ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा, "तुम मेरे सच्चे शिष्य हो । सबसे बड़ी सेवा ज़रूरतमंदों की मदद करना है ।"

(i) गुरु जी से मिलने के बाद वैद्य शिष्य के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(a) शिष्य सामान्य लोगों से दूर रहने लगा ।

(b) शिष्य रोगियों की निस्वार्थ सेवा में जुट गया ।

(c) शिष्य आर्थिक रूप से धनी हो गया ।

(d) शिष्य रोगियों की आर्थिक मदद करने लगा

(ii) रोगी की सेवा में संलग्न होना वैद्य शिष्य की किस विशेषता पर प्रकाश डालता है ?

(a) वे एक परिश्रमी चिकित्सक थे ।

(b) वे रोगियों से प्रेम करते थे ।

(c) वे ग़रीबों के मसीहा थे ।

(d) वे एक कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे ।

(iii) वैद्य द्वारा गुरु के चरण स्पर्श कर रोगी की तीमारदारी के लिए जाना क्यों उचित था ?

(a) क्योंकि वैद्य ने गुरु को आदर भी प्रदान किया और अपना कर्तव्य भी निभाया ।

(b) क्योंकि वह गुरु को प्रसन्न करने में तथा गुरु के सामने दिखावा करने में सफल रहा ।

(c) क्योंकि वह गुरु को अपनी व्यस्तता दिखाने में सफल रहा ।

(d) क्योंकि वैद्य ने स्पष्ट कर दिया कि वह दुनियादारी दिखाने में सिद्धस्थ है ।

(iv) गद्यांश के माध्यम से बताइए कि वैद्य शिष्य ने किस चीज़ को अपना धर्म मान लिया था ।

(a) ईश्वर सेवा को

(b) रोगियों की सेवा को

(c) जन-सेवा को

(d) गुरु-सेवा को

(v) वैद्य शिष्य आनन्दपुर साहिब गया था, ऐसा क्यों ?

(a) अपने मित्र से मिलने हेतु

(b) औषधि का प्रबन्ध करने हेतु

(c) गुरु गोबिंद सिंह से मिलने हेतु

(d) रोगियों का हाल जानने हेतु ।

**3.** निर्देशानुसार पदबंध पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'हरिहर काका के भाई चिंता, परेशानी और आश्चर्य से घिर गए ।' रेखांकित पदबंध का भेद है :

(a) सर्वनाम पदबंध

(b) संज्ञा पदबंध

(c) क्रिया पदबंध

(d) विशेषण पदबंध

(ii) क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटकर लिखिए :

(a) भैरव ने उसकी कॉपियों के हवाई जहाज उड़ा डाले हैं ।

(b) हँसने वाले वे होते जो पिछले साल आठवें में थे ।

(c) यह सुनकर सारा दर्जा हँस पड़ता ।

(d) बुढ़ापे का दुख बिताए नहीं बीतेगा ।

(iii) 'वह लाल तेल वाले डॉक्टर शरफुद्दीन का बेटा था ।' रेखांकित पदबंध का भेद है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iv) 'वह भागा-भागा मेले की ओर दौड़ा ।' रेखांकित पदबंध का भेद है :

(a) सर्वनाम पदबंध

(b) क्रिया-विशेषण पदबंध

(c) क्रिया पदबंध

(d) संज्ञा पदबंध

(v) '<u>क़िस्मत का मारा मैं</u> कनकौआ लूटने दौड़ा चला जा रहा था ।' रेखांकित का पदबंध भेद है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) विशेषण पदबंध

(c) सर्वनाम पदबंध

(d) क्रिया पदबंध

**4.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'सुरेश खाना खाकर मेरे पास आएगा ।' इस वाक्य का संयुक्त रूप होगा :

(a) जैसे ही सुरेश खाना खाएगा वह मेरे पास आएगा ।

(b) सुरेश खाना खाते ही मेरे पास आएगा ।

(c) सुरेश खाना खाएगा और मेरे पास आएगा ।

(d) जब सुरेश खाना खाएगा तभी मेरे पास आएगा ।

(ii) 'मज़दूरों ने काम पूरा किया और चले गए ।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा :

(a) जैसे ही मज़दूरों ने काम किया वे चले गए ।

(b) मज़दूरों ने काम किया और चले गए ।

(c) मज़दूर काम करके चले गए ।

(d) मज़दूर काम करते हैं और चले जाते हैं ।

(iii) 'साँझ हुई और सब बच्चे घर लौट आए ।' इस वाक्य का मिश्र रूप होगा :

(a) साँझ होते ही सब बच्चे घर लौट आए ।

(b) जैसे ही साँझ हुई वैसे ही सब बच्चे घर लौट आए ।

(c) साँझ होने के बाद सब बच्चे घर लौट आए ।

(d) साँझ हुई और सब बच्चे घर लौट आए ।

(iv) 'यद्यपि वह मेधावी बालक है तथापि इस वर्ष अच्छे अंक न ला पाया ।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है :

(a) संयुक्त वाक्य

(b) सरल वाक्य

(c) मिश्र वाक्य

(d) विधान वाचक वाक्य

(v) 'आप भोजन कीजिए और ठंडा पानी पीजिए ।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है :

(a) सरल वाक्य

(b) संयुक्त वाक्य

(c) मिश्र वाक्य

(d) विस्मयादिबोधक वाक्य

**5.** निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) 'घुड़दौड़' – समस्तपद का विग्रह होगा :

(a) घुड़ की दौड़

(b) घोड़े पर दौड़

(c) घोड़ों की दौड़

(d) घोड़े जैसी दौड़

(ii) 'मृगनयन' शब्द/समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(a) कर्मधारय

(b) द्वंद्व

(c) द्विगु

(d) अव्ययीभाव

(iii) 'धूप-बत्ती' समस्तपद का विग्रह होगा :

(a) धूप की बत्ती

(b) धूप से बनी बत्ती

(c) धूप और बत्ती

(d) धूप या बत्ती

(iv) जिस समस्तपद का पूर्व पद संख्यावाची हो वह पद किस समास का उदाहरण होता है ?

(a) द्वंद्व

(b) बहुव्रीहि

(c) कर्मधारय

(d) द्विगु

(v) 'मृत्युंजय' समस्तपद का विग्रह होगा :

(a) मृत्यु को जीत लिया है जिसने (शिव)

(b) मृत्यु और जय

(c) मृत्यु पर विजय

(d) मृत्यु ही है जिसका जीवन

**6.** निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित विकल्प द्वारा कीजिए :

'उस साधारण से छात्र के कक्षा में प्रथम आने पर लोग कहते हैं कि __________ लग गया ।'

(a) अंधे की लाठी होना

(b) ऊँट के मुँह में जीरा

(c) अंधे के हाथ बटेर लगना

(d) अपना उल्लू सीधा करना

(ii) रिक्त स्थान के लिए दिए गए मुहावरों में से उचित मुहावरा छाँटकर लिखिए :

'घर देर से पहुँचने पर पिता ने सुरेश को ________ लिया ।'

(a) आकाश-पाताल एक करना

(b) छठी का दूध याद दिलाना

(c) आड़े हाथों लेना

(d) आग बबूला होना

(iii) 'सुध-बुध खोना' मुहावरे के लिए सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ है :

(a) होश गँवाना

(b) बेहोश होना

(c) क्रोध करना

(d) कुछ दिखाई न देना

(iv) 'आवाज़ उठाना' मुहावरे के लिए सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ है :

(a) ऊँचा बोलना

(b) अपनी बात कहना

(c) समर्थन करना

(d) विरोध करना

(v) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए :

(a) आटे दाल का भाव मालूम होना – महँगाई का ज्ञान होना

(b) बाट जोहना – प्रतीक्षा करना

(c) सिर पर कफ़न बाँधना – कठिनाई पूर्ण कार्य करना

(d) डेरा डालना – स्थायी निवास करना

(vi) 'काम तमाम कर देना' मुहावरे के लिए सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ है :

(a) काम समाप्त करना

(b) कार्य पूरा होना

(c) अन्त कर देना

(d) काम न बचना

**7.** पठित काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

स्याम म्हाने चाकर राखो जी,
गिरधारी लाला म्हाँने चाकर राखो जी ।
चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ ।
बिन्दरावन री कुंज गली में, गोविन्द लीला गास्यूँ ।
चाकरी में दरसण पास्यूँ, सुमरण पास्यूँ खरची ।
भाव भगती जागीरी पास्यूँ, तीनूं बाताँ सरसी ।
मोर मुगट पीताम्बर सौहे, गल वैजन्ती माला ।
बिन्दरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरलीवाला ।
ऊँचा-ऊँचा महल बणावं बिच बिच राखूँ बारी ।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुम्बी साड़ी ।
आधी रात प्रभु दरसण, दीज्यो जमनाजी रे तीरां ।
मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर, हिवड़ो घणो अधीराँ ।

(i) मीरा कृष्ण की सेवा किस रूप में करना चाहती है ?

(a) भक्त के रूप में

(b) प्रेयसी के रूप में

(c) सेविका के रूप में

(d) पत्नी के रूप में

(ii) वृन्दावन की गलियों में मीरा बाई द्वारा घूमने की बात क्यों कही गई है ?

(a) प्रभु के गुण-गान करने हेतु

(b) प्रभु की कृपा प्राप्त करने हेतु

(c) प्रभु के भक्त ढूँढ़ने हेतु

(d) साधुओं के साथ भिक्षा माँगने हेतु

(iii) श्रीकृष्ण की सेवा में रहते हुए मीरा द्वारा कौन-सा कार्य ***नहीं*** करने की बात कही गई है ?

(a) उनकी लीलाओं का गुण-गान करना

(b) उनके लिए साज-शृंगार करना

(c) उनके लिए बाग लगाना

(d) उनके महल की साफ-सफाई करना

(iv) मीरा बाई को प्रभु-प्रेम में जेब खर्ची क्या मिलती है ?

(a) ईश्वर का स्मरण

(b) ईश्वर का दर्शन

(c) ईश्वर की कृपा

(d) महल में निवास

(v) अर्ध-रात्रि में मीरा कृष्ण के दर्शन के लिए कहाँ जाने के लिए तैयार है ?

(a) गंगा किनारे

(b) साधुओं के बीच

(c) यमुना तट पर

(d) उपवन में

**8.** पठित काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : *2×1=2*

(i) कबीर के दोहों के आधार पर उत्तर दीजिए कि उनके जीवन से अज्ञान रूपी अंधकार कैसे दूर हटा ।

(a) दीपक के प्रकाश से

(b) राम नाम का स्मरण करने से

(c) जब उनके भीतर ईश्वर के प्रेम की लौ जगी

(d) जब उनको गुरु की कृपा मिली

(ii) मैथिलीशरण गुप्त की कविता 'मनुष्यता' के अनुसार मनुष्य को मृत्यु से क्यों नहीं डरना चाहिए ?

(a) मृत्यु जीवन का अंतिम पड़ाव है ।

(b) मानव मरणशील है ।

(c) मृत्यु के पश्चात् सब दुःख दूर हो जाते हैं ।

(d) दुःखों से विकल हर मनुष्य मौत माँगता है ।

**9.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

अब भाई साहब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे । कई बार मुझे डाँटने का अवसर पा कर भी उन्होंने धीरज से काम लिया । शायद अब वह खुद समझने लगे थे कि मुझे डाँटने का अधिकार उन्हें नहीं रहा, या रहा भी, तो बहुत कम । मेरी स्वच्छंदता भी बढ़ी । मैं उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा । मुझे कुछ ऐसी धारणा हुई कि मैं पास ही हो जाऊँगा, पढ़ूँ या न पढ़ूँ, मेरी तकदीर बलवान है, इसलिए भाई साहब के डर से जो थोड़ा-बहुत पढ़ लिया करता था, वह भी बंद हुआ । मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था और अब सारा समय पतंगबाज़ी की ही भेंट होता था । फिर भी मैं भाई साहब का अदब करता था और उनकी नज़र बचाकर कनकौए उड़ाता था । माँझा देना, कन्ने बाँधना, पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ आदि समस्याएँ गुप्त रूप से हल की जाती थीं । मैं भाई साहब को यह संदेह न करने देना चाहता था कि उनका सम्मान और लिहाज़ मेरी नज़रों में कम हो गया है ।

(i) भाई साहब के नरम पड़ने का क्या कारण था ?

(a) वह थक गए थे ।

(b) वे समझदार हो गए थे ।

(c) छोटे भाई का परिणाम उनसे ज़्यादा अच्छा आता था ।

(d) बड़े भाई का स्वभाव बदल गया था ।

(ii) लेखक बड़े भाई की सहिष्णुता का क्या लाभ उठाने लगे थे ?

(a) उनकी बात अनसुनी कर देते ।

(b) लेखक की स्वच्छंदता बढ़ गई ।

(c) लेखक उनका अपमान करने लगे ।

(d) लेखक स्वयं निर्णय लेने लगे ।

(iii) लेखक को क्या नया शौक पैदा हुआ ?

(a) कनकौए उड़ाने का

(b) कंचे खेलने का

(c) देर तक सोने का

(d) कन्ने बाँधने का

(iv) पतंग संबंधी समस्याओं का हल लेखक गुप्त रूप से क्यों करते थे ?

(a) छात्रावास में पतंग उड़ाने की इजाजत नहीं थी ।

(b) माँ बाबा को इसकी खबर नहीं होने देना चाहते थे ।

(c) भाई साहब को यह खेल पसंद नहीं था ।

(d) भाई साहब के प्रति मन में स्नेह और सम्मान की भावना थी ।

(v) गद्यांश के लेखक कौन हैं ?

(a) भीष्म साहनी

(b) जैनेन्द्र कुमार

(c) प्रेमचंद

(d) रवींद्र केलेकर

**10.** पठित गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : *2×1=2*

(i) 'कारतूस' एकांकी के प्रमुख पात्र वज़ीर अली के उद्देश्य को नीचे लिखे कौन-से वाक्य प्रकट करते हैं ?

(क) टीपू सुल्तान को दिल्ली बुलाना

(ख) अंग्रेज़ों को देश से निकालना

(ग) कर्नल कालिंज को मारना

(घ) अपने पिता का तख़्त प्राप्त करना

(a) (क)

(b) (क) और (ग)

(c) (क) और (ख)

(d) (ख) और (घ)

(ii) कबूतर का अंडा ग़लती से टूट जाने पर लेखक की माँ ने कैसे प्रायश्चित किया ?

(a) सोने के अंडे दान कर

(b) दो दिन तक पूजा पाठ कर

(c) रोज़ा रख कर

(d) इस बात को नज़रअंदाज कर

## खण्ड ब
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) 'डायरी का पन्ना' पाठ में जनता आज़ादी का पर्व मनाने के लिए अत्यन्त उत्साहित थी, पर पुलिस इस पर्व को मनाने के लिए जनता को हतोत्साहित कर रही थी । पुलिस के लिए यह आयोजन रोकना आवश्यक था, क्यों ? तर्क संगत उत्तर दीजिए ।

(ख) 'तीसरी कसम' फ़िल्म में ऐसा क्या था कि लोगों के लिए आज भी यह एक यादगार फ़िल्म है ?

(ग) लोक-कथाओं में राजा की जान तोते में बसना जैसी बातों की चर्चा मिलती है । 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ में तताँरा द्वारा लकड़ी की तलवार से पृथ्वी को दो भागों में बाँटना आपको कितना विश्वसनीय लगा, लिखिए ।

**12.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि ने यह क्यों कहा है कि संसार में कोई भी अनाथ नहीं है ।

(ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने 'सहस्र दृग' और 'दर्पण' किसे कहा है और वे किस हेतु काम आ रहे हैं ?

(ग) 'तोप' कविता के आधार पर लिखिए कि अपने समय में लोगों को मौत की नींद सुलाने वाली विनाशकारी तोप शान्त रहकर क्या बताना चाहती है ।

13. पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर लिखिए कि गाँव के अधिकांश लोगों का ठाकुरबारी पर विश्वास क्यों था । क्या इस तरह का विश्वास आज भी समाज में विद्यमान है ? उदाहरण सहित लिखिए ।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि बच्चों को खेल से कितना प्यार होता है । इसके लिए वे क्या-क्या कर जाते हैं ?

(ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर लिखिए कि 'टोपी शुक्ला' कहानी पढ़ने व समझने के लिए इफ़्फ़न के बारे में जानना क्यों जरूरी है ।

14. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×5=5*

(क) घर में रखी 'खाना खाने की मेज़'

- छः लोगों की मेज़
- तीन बार अलग-अलग तरह का भोजन सजना
- खाने के समय पूरे परिवार का इकट्ठा होना
- बातों की महफिल
- एक अद्‌भुत अनुभव ।

(ख) 'पर्वतीय स्थल पर कमरे की खिड़की से प्राकृतिक दृश्य'

- अवकाश में पर्वतीय स्थल की यात्रा
- सुन्दर और सुविधापूर्ण छोटी सी चोटी पर बना कमरा
- कमरे की खिड़की का वादियों में खुलना
- भ्रमण करते बादल
- पर्वतों पर खिले पुष्प-वृक्षों का आँचल ।

(ग) 'मैं और मेरा मोबाइल'

- आधुनिक युग का महत्त्वपूर्ण आविष्कार
- वस्तु एक लाभ अनेक
- मनोरंजन और ज्ञान का साथी ।

**15.** (क) आपका नाम देव/देवयानी है । वायु प्रदूषण की समस्या को कम करने में इलैक्ट्रॉनिक वाहनों की उपयोगिता का उल्लेख करते हुए किसी दैनिक हिंदी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर अन्तर्विद्यालय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन करवाने के लिए अनुरोध कीजिए । *5*

**16.** (क) आपका नाम राम शुक्ला है । आप विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित होने वाली कविता पाठ और लेखन प्रतियोगिता का विवरण देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) प्रत्येक बच्चे को खुश रहने और खिलौनों से खेलने का अधिकार है । 'आवासीय कल्याण केन्द्र' के सचिव की ओर से पुराने खिलौने 'आवासी कल्याण कार्यालय' में एकत्रित किए जाने की सूचना 80 शब्दों में लिखिए ताकि ये खिलौने कम सुविधा प्राप्त बच्चों में वितरित किए जा सकें । *4*

**17.** (क) बच्चों की पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करने हेतु आपके विद्यालय में 'पुस्तक बदलो' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इसके प्रचार-प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) नई बैंक शाखा के आरम्भ होने की सूचना देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए । *3*

**18.** (क) 'बहादुर रामू' विषय पर लगभग 100 शब्दों में कहानी लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) विद्यालय की वेबसाइट पर डालने के लिए लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल तैयार कीजिए जिसमें ग्रीष्मावकाश के दौरान एक सप्ताह के लिए कक्षा 10 के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया जाएगा । *5*